5

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]
Total No. of Printed Pages : 12 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]
Total No. of Questions : 38 ]

**A**

**CCE RR**
**NCERT**
**UNREVISED**
**FULL SYLLABUS**

Question Paper Serial No. **210**

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 60-H**

**Code No. : 60-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : Third Language — HINDI

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 16. 06. 2023 ] [ Date : 16. 06. 2023

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ–1-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 × 1 = 8**

1. 'सुखद' शब्द का विलोम शब्द है –

(A) दुःखद (B) सुखी

(C) सुखमय (D) खुशहाल

2. 'घोड़ा' शब्द का अन्य वचन रूप है –

(A) घोड़ी (B) घोड़ों

(C) घोड़े (D) घोड़ा

3. 'ताज्जुब' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –

(A) खुशी (B) ताज़ा

(C) तालीम (D) आश्चर्य

4. यह जनरल साहब ............ कुत्ता है।

रिक्त स्थान के लिए सही कारक चिह्न है –

(A) को (B) ने

(C) में (D) का

5. ‘पुरुषोत्तम’ शब्द में संधि है –

(A) दीर्घ (B) गुण

(C) व्यंजन (D) यण्

6. निम्नलिखित में द्वंद्व समास का उदाहरण है –

(A) घर-बाहर (B) लंबोदर

(C) नीलकंठ (D) राष्ट्रपति

7. सच बताओ तुम कौन हो ?

उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) पूर्णविराम (B) अल्प विराम

(C) अर्धविराम (D) प्रश्नवाचक

8. निम्नलिखित शब्दों में ‘उपसर्गयुक्त’ शब्द है –

(A) चर्चित (B) बेहोश

(C) घबराहट (D) छटपटाहट

**II. सही वाक्यांश को जोड़कर लिखिए। 4 × 1 = 4**

| अ | | ब | |
|---|---|---|---|
| 9. | लिटिल अंदमान | a) | पंडित भया न कोई। |
| 10. | तीसरी कसम | b) | कारतूस |
| 11. | वीरेन डंगवाल | c) | अंदमान द्वीप समूह का अंतिम द्वीप |
| 12. | पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुवा | d) | मृग ढूँढ़ै बन माँहि। |
| | | e) | शैलेंद्र के जीवन की पहली और अंतिम फ़िल्म |
| | | f) | निकोबार का पहला द्वीप |
| | | g) | तोप |

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4 × 1 = 4**

13. 'गिरगिट' पाठ में इंसपेक्टर का नाम क्या है ?

14. 'तोप' को कहाँ रखा गया था ?

15. कर्नल कालिंज का खेमा जंगल में क्यों लगा हुआ था ?

16. भगवान कृष्ण ने द्रौपदी की लाज कैसे बचायी थी ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए : 8 × 2 = 16**

17. ततँारा की तलवार के बारे में लोगों का क्या मत था ?

18. शैलेंद्र का चेहरा क्यों मुरझा गया ?

19. येल्दीरीन ने ख्यूक्रिन को कैसे दोषी ठहराया ?

20. कबीर के अनुसार स्वभाव को निर्मल रखने का उपाय कौन-सा है ?

21. अपनी पीड़ा हरने के लिए मीरा किस प्रकार विनती की है ?

22. शाल के वृक्ष भयभीत होकर धरती में क्यों धँस गए ?

23. कथावाचक और हरिहर काका के संबंध के बारे में आप क्या जानते हैं ? संक्षेप में लिखिए।

**अथवा**

हरिहर काका को जबरन उठा ले जाने वाले कौन थे ?

24. स्काउट परेड करते समय लेखक गुरदयाल सिंह को कैसा एहसास होता था ?

**अथवा**

पूरे परिवार में इफ़्फ़न को अपनी दादी से ही विशेष स्नेह क्यों था ?

**V. क) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए : 9 × 3 = 27**

25. समाज के पास अगर शाश्वत मूल्यों जैसा कुछ है तो वह आदर्शवादी लोगों का ही दिया हुआ है।

26. जो जितना बड़ा होता है उसे उतना ही कम गुस्सा आता है।

27. अनाथ कौन है यहाँ ? त्रिलोकनाथ साथ हैं ;

दयालु दीनबंधु के बड़े विशाल हाथ हैं।

**ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**

28. धर्मतल्ले के मोड़ पर आकर जुलूस क्यों टूट गया ? विवरण दीजिए।

29. वज़ीर अली के अफ़साने सुनकर कर्नल को रॉबिनहुड की याद आने के प्रसंग का वर्णन कीजिए।

30. 'कर चले हम फ़िदा' पद्य में 'सर पर कफ़न बाँधना' किसका संकेत है ? स्पष्ट कीजिए।

31. 'आत्मत्राण' कविता में कवि की प्रार्थना पर प्रकाश डालिए।

32. **निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

जपमाला छापैं, तिलक सरै न एकौ कामु।

मन-काँचे नाचै बृथा, साँचै राँचै रामु।।

33. **गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :**

महादेवी वर्मा का जन्म फर्रुखाबाद में हुआ। उनकी प्रारंभिक शिक्षा इंदौर में हुई। 11 सितंबर 1987 को उनका देहावसान हुआ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** **2 × 4 = 8**

34. बड़े भाई की स्वभावगत विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

बड़े भाई साहब के अनुसार जीवन की समझ कैसे आती है ? विवरण दीजिए।

35. **निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :**

सारे शीतल ..............................................

..............................................................

..............................................................

............................................... तुझ में मिल।

**VII.** 36. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **1 × 4 = 4**

ए. पी. जे. अब्दुल कलाम के शिक्षक श्री अयादुरै सोलोमन छात्रों के लिए एक आदर्श मार्गदर्शक थे। कलाम और सोलोमन का संबंध काफ़ी प्रगाढ़ हो गया था। अयादुरै सोलोमन छात्रों का उत्साह बढ़ाते रहते थे। वे स्नेही और खुले

दिमागवाले व्यक्ति थे। छात्र सोलोमन के साथ काफ़ी आनंद का अनुभव करते थे। सोलोमन कलाम के लिए श्रद्धेय बन गये थे। सोलोमन सचमुच एक महान शिक्षक थे।

**प्रश्न :**

अ) सोलोमन छात्रों के लिए कैसे मार्गदर्शक थे ?

आ) अयादुरै सोलोमन और कलाम का संबंध कैसा था ?

इ) सोलोमन कैसे व्यक्ति थे ?

ई) छात्र सोलोमन के साथ कैसा अनुभव करते थे ?

**VIII.** 37. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 4 = 4**

**क) स्वच्छ भारत**

* प्रस्तावना
* महत्व
* लाभ
* उपसंहार

**ख) कंप्यूटर / गणक यंत्र**

* प्रस्तावना
* लाभ
* हानि
* उपसंहार

**ग) पर्यावरण संरक्षण**

* प्रस्तावना
* महत्व
* लाभ
* उपसंहार

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5**

38. स्कूल की शैक्षिक यात्रा में भाग लेने के लिए 5,000/- रुपये और अनुमति माँगते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

भाई के विवाह में भाग लेने के लिए चार दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधान अध्यापक को पत्र लिखिए।